# PAPER-II
# HINDI

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________

   (Name) ___________________________

2. (Signature) ___________________________

   (Name) ___________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.___________________________
(In words)

**D 2 0 1 2**

Time : $1\,^1/_4$ hours]   [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **8**   Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण** : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

# हिन्दी

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** ‘सरहपा’ का सम्बंध निम्न में से किससे है ?
(A) सिद्ध साहित्य (B) रासो काव्य
(C) नाथ साहित्य (D) जैन काव्य

**2.** निम्नलिखित में से कौन अष्टछाप के कवि नहीं हैं ?
(A) सूरदास (B) कुंभनदास
(C) नन्ददास (D) सुन्दरदास

**3.** बिहारी किस धारा के कवि हैं ?
(A) रीतिसिद्ध (B) रीतिमुक्त
(C) स्वच्छन्द (D) रीतिबद्ध

**4.** प्रेमचंद किस प्रवृत्ति के उपन्यासकार हैं ?
(A) आदर्शवादी
(B) यथार्थवादी
(C) आदर्शोन्मुख यथार्थवादी
(D) यथार्थोन्मुख आदर्शवादी

**5.** अमृतलाल नागर के जीवनीपरक उपन्यास ‘खंजन नयन’ में किसके जीवन का चित्रण किया गया है ?
(A) सूरदास (B) तुलसीदास
(C) रैदास (D) मीराबाई

**6.** अंगरेज़ी स्वच्छन्दतावादी काव्य का प्रभाव हिन्दी की किस काव्यधारा पर दिखाई देता है ?
(A) प्रगतिवाद (B) प्रयोगवाद
(C) छायावाद (D) नई कविता

**7.** “दु:ख ही जीवन की कथा रही,
क्या कहूँ आज जो नहीं कही ।”
उपर्युक्त पंक्तियाँ किस कविता से उद्धृत हैं ?
(A) सरोज स्मृति
(B) राम की शक्तिपूजा
(C) तुलसीदास
(D) कुकुरमुत्ता

**8.** ‘रस आखेटक’ के रचनाकार हैं
(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) विद्यानिवास मिश्र
(C) कुबेरनाथ राय
(D) शरद जोशी

**9.** निम्न में से कौन सी हरिशंकर परसाई की रचना नहीं है ?
(A) विकलांग श्रद्धा का दौर
(B) ठिठुरता हुआ गणतन्त्र
(C) प्रेमचन्द के फटे जूते
(D) जीप पर सवार इल्लियाँ

**10.** ‘एक बूँद सहसा उछली’ किस विधा की रचना है ?
(A) यात्रा-वृत्तान्त (B) संस्मरण
(C) रेखाचित्र (D) निबंध

**11.** ‘आलोचक के मुख से’ किस आलोचक के व्याख्यानों का संकलन है ?
(A) नन्ददुलारे वाजपेयी
(B) रामस्वरूप चतुर्वेदी
(C) नामवर सिंह
(D) प्रभाकर श्रोत्रिय

**12.** ‘समय देवता’ किस कवि की कविता है ?
(A) केदारनाथ अग्रवाल
(B) नागार्जुन
(C) माखनलाल चतुर्वेदी
(D) नरेश मेहता

**13.** ‘ऑफ ग्रैमेटॉलोजी’ के लेखक कौन हैं ?
(A) जैक देरिदा (B) रिचर्ड रोर्टी
(C) फ्रेडरिक जेमसन (D) पॉल दि मान

**14.** निम्नलिखित में से कौन मार्क्सवादी आलोचक नहीं है ?
(A) शिवदान सिंह चौहान
(B) शिवकुमार मिश्र
(C) प्रकाशचंद्र गुप्त
(D) रामस्वरूप चतुर्वेदी

**15.** ‘मेरे राम का मुकुट भीग रहा है’ किसकी रचना है ?
(A) विद्यानिवास मिश्र
(B) विष्णुकान्त शास्त्री
(C) कुबेरनाथ राय
(D) गुलाब राय

**16.** निम्नलिखित में से कौन सी आलोचना कृति विजयदेव नारायण साही की है ?

(A) जायसी (B) सूरदास

(C) साहित्यालोचन (D) रस मीमांसा

**17.** खड़ी बोली के विकास में फोर्ट विलियम कालेज का विशिष्ट योगदान है, क्योंकि

(a) अंग्रेजों ने खड़ी बोली के विकास को प्रमुखता दी ।

(b) खड़ी बोली के प्रशिक्षण से विविध साहित्यिक विधाओं में सृजन हुआ ।

(c) खड़ी बोली में साहित्यिक लेखन युग की आवश्यकता थी ।

(A) (a) और (b) सही, (c) गलत

(B) (a) और (c) सही, (b) गलत

(C) (b) और (c) सही, (a) गलत

(D) (c) सही, (a) और (b) गलत

**18.** (a) ब्रजभाषा में गीतात्मकता स्वाभाविक रूप से आ जाती है ।

(b) ब्रजभाषा में परुष वर्णों का अभाव है ।

(A) (a) और (b) दोनों सही

(B) (a) आंशिक सही, (b) सही

(C) (a) और (b) दोनों गलत

(D) (a) सही, (b) आंशिक सही

**19.** (a) नयी कविता में नये मनुष्य की प्रतिष्ठा हुई है ।

(b) नयी कविता में व्यक्त मनुष्य का द्वन्द्व अंशत: आयातित है ।

(A) (a) सही, (b) गलत

(B) (a) और (b) दोनों सही

(C) (a) सही, (b) आंशिक सही

(D) (a) गलत, (b) सही

**20.** छायावाद की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं :

(a) आत्मानुभूति की अभिव्यक्ति

(b) साम्राज्यवाद के प्रति विद्रोह

(c) सौन्दर्य के प्रति अत्यधिक आकर्षण

(d) छायावाद रहस्यवाद का पर्याय है ।

(A) सभी सही

(B) (a), (c), (d) सही, (b) आंशिक सही

(C) (c) आंशिक सही, (a), (b), (d) सही

(D) (a), (b), (c) सही, (d) आंशिक सही

**21.** निम्नलिखित इतिहास ग्रंथों का कालक्रमानुसार सही क्रम क्या है ?

(A) हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास – हिन्दी साहित्य की भूमिका – हिन्दी साहित्य का इतिहास – मिश्रबंधु विनोद

(B) हिन्दी साहित्य का इतिहास – हिन्दी साहित्य की भूमिका – मिश्रबंधु विनोद – हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास

(C) हिन्दी साहित्य की भूमिका – हिन्दी साहित्य का इतिहास – मिश्रबंधु विनोद – हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास

(D) मिश्रबंधु विनोद – हिन्दी साहित्य का इतिहास – हिन्दी साहित्य की भूमिका – हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास

**22.** गोस्वामी तुलसीदास की रचनाओं का सही क्रम कौन सा है ?

(A) गीतावली – दोहावली – विनय पत्रिका – रामचरित मानस

(B) रामचरित मानस – दोहावली – गीतावली – विनय पत्रिका

(C) दोहावली – गीतावली – रामचरित मानस – विनय पत्रिका

(D) विनय पत्रिका – दोहावली – गीतावली – रामचरित मानस

**23.** जन्मतिथि की दृष्टि से द्विवेदी युगीन कवियों का सही क्रम कौन सा है ?

(A) श्रीधर पाठक – अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध – मैथिलीशरण गुप्त – रामनरेश त्रिपाठी

(B) मैथिलीशरण गुप्त – अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध – श्रीधर पाठक – रामनरेश त्रिपाठी

(C) रामनरेश त्रिपाठी – श्रीधर पाठक – अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध – मैथिलीशरण गुप्त

(D) अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध – मैथिलीशरण गुप्त – श्रीधर पाठक – रामनरेश त्रिपाठी

**24.** आधुनिक हिन्दी की निम्नलिखित कृतियों का प्रकाशन काल की दृष्टि से सही अनुक्रम क्या है ?

(A) आत्मजयी – कनुप्रिया – उर्वशी – यशोधरा

(B) कनुप्रिया – उर्वशी – आत्मजयी – यशोधरा

(C) उर्वशी – कनुप्रिया – यशोधरा – आत्मजयी

(D) यशोधरा – उर्वशी – कनुप्रिया – आत्मजयी

**25.** निम्नलिखित पाश्चात्य समीक्षकों का जन्म की दृष्टि से सही अनुक्रम क्या है ?

(A) अरस्तू – प्लेटो – लोंजाइनस – कॉलरिज

(B) प्लेटो – अरस्तू – लोंजाइनस – कॉलरिज

(C) कॉलरिज – प्लेटो – अरस्तू – लोंजाइनस

(D) लोंजाइनस – अरस्तू – प्लेटो – कॉलरिज

**26.** प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से निम्न पत्रिकाओं का सही क्रम क्या है ?

(A) कवि वचन सुधा – सरस्वती – चाँद – हंस

(B) सरस्वती – हंस – चाँद – कवि वचन सुधा

(C) हंस – चाँद – कवि वचन सुधा – सरस्वती

(D) चाँद – हंस – सरस्वती – कवि वचन सुधा

**27.** निम्नलिखित उपन्यासों का प्रकाशन की दृष्टि से सही अनुक्रम कौन सा है ?

(A) तमस – सूखा बरगद – आधा गाँव – झूठा सच

(B) झूठा सच – आधा गाँव – सूखा बरगद – तमस

(C) सूखा बरगद – झूठा सच – आधा गाँव – तमस

(D) झूठा सच – आधा गाँव – तमस – सूखा बरगद

**28.** निम्नलिखित कवियों का सही क्रम क्या है ?

(A) पद्माकर – बिहारी – चिन्तामणि – केशवदास

(B) बिहारी – पद्माकर – केशवदास – चिन्तामणि

(C) चिन्तामणि – केशवदास – बिहारी – पद्माकर

(D) केशवदास – चिन्तामणि – बिहारी – पद्माकर

**29.** निम्नलिखित काव्यों का सही अनुक्रम कौन सा है ?

(A) लोकायतन – राम की शक्तिपूजा – झरना – प्रिय प्रवास

(B) झरना – प्रिय प्रवास – लोकायतन – राम की शक्तिपूजा

(C) प्रिय प्रवास – झरना – राम की शक्तिपूजा – लोकायतन

(D) राम की शक्तिपूजा – लोकायतन – झरना – प्रिय प्रवास

**30.** निम्नलिखित पंक्तियों के साथ कवियों का सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | घुन खाये शहतीरों पर | (i) | केदारनाथ अग्रवाल |
| (b) | एक बीते के बराबर | (ii) | नागार्जुन |
| (c) | किंतु हम हैं द्वीप | (iii) | धूमिल |
| (d) | भूख से रिरियाती हुई | (iv) | अज्ञेय |
| | | (v) | लीलाधर जगूड़ी |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | v |
| (B) | v | iv | iii | i |
| (C) | i | ii | iii | v |
| (D) | ii | i | iv | iii |

**31.** निम्नलिखित सम्पादकों को उनकी पत्रिकाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | श्यामसुन्दर सेन | (i) | कवि वचन सुधा |
| (b) | राजा लक्ष्मण सिंह | (ii) | समाचार सुधावर्षण |
| (c) | भारतेन्दु हरिश्चंद्र | (iii) | आनन्द कादम्बिनी |
| (d) | बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमघन' | (iv) | प्रजा हितैषी |
| | | (v) | मतवाला |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iv | i | iii |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | ii | iii | iv | v |
| (D) | v | ii | i | iii |

**32.** निम्नलिखित पत्रिकाओं को उनके प्रकाशन वर्ष के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | सार सुधा निधि | (i) | 1877 |
| (b) | बंग दूत | (ii) | 1930 |
| (c) | भारत मित्र | (iii) | 1879 |
| (d) | हंस | (iv) | 1829 |
| | | (v) | 1931 |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | v | iv |
| (B) | ii | i | iii | v |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iii | iv | i | ii |

**33.** निम्नलिखित आलोचनात्मक कृतियों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | दूसरी परम्परा की खोज | (i) | रामधारी सिंह दिनकर |
| (b) | नये साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र | (ii) | नामवर सिंह |
| (c) | हिन्दी साहित्य का आदिकाल | (iii) | गजानन माधव मुक्तिबोध |
| (d) | नया साहित्य : नये प्रश्न | (iv) | नन्ददुलारे वाजपेयी |
| | | (v) | हजारी प्रसाद द्विवेदी |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | v | iv |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | ii | i | v | iii |
| (D) | iii | ii | v | iv |

**34.** निम्नलिखित कथनों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | करुणा दु:खात्मक वर्ग में आने वाला मनोविकार है । | (i) | डॉ. नगेन्द्र |
| (b) | मनुष्य की श्रेष्ठ साधनाएँ ही संस्कृति है । | (ii) | हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| (c) | छायावाद स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है । | (iii) | रामचन्द्र शुक्ल |
| (d) | भक्ति आन्दोलन एक जातीय और जनवादी आन्दोलन है । | (iv) | रामविलास शर्मा |
| | | (v) | रामस्वरूप चतुर्वेदी |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | iii | v | iv |
| (B) | iii | ii | i | iv |
| (C) | iv | v | iii | ii |
| (D) | ii | iv | i | v |

**35.** निम्नलिखित कृतियों को उनकी विधा के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | लहरों के राजहंस | (i) | नाटक |
| (b) | आधा गाँव | (ii) | निबंध |
| (c) | तुम चन्दन हम पानी | (iii) | आत्मकथा |
| (d) | मुर्दहिया | (iv) | रेखाचित्र |
| | | (v) | उपन्यास |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | v | iv | i |
| (B) | v | iv | iii | i |
| (C) | ii | iii | i | v |
| (D) | i | v | ii | iii |

**36.** निम्नलिखित उपन्यासों को उनके पात्रों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | ग़बन | (i) | मृणाल |
| (b) | नदी के द्वीप | (ii) | डॉ. प्रशान्त |
| (c) | मैला आँचल | (iii) | जालपा |
| (d) | बाणभट्ट की आत्मकथा | (iv) | भुवन |
| | | (v) | निपुणिका |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | ii | v |
| (B) | ii | i | v | iii |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iv | v | ii | i |

**37.** निम्नलिखित पात्रों को नाटकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | सिंहरण | (i) | आधे-अधूरे |
| (b) | युयुत्सु | (ii) | हानूश |
| (c) | जुनेजा | (iii) | चन्द्रगुप्त |
| (d) | दक्ष | (iv) | अंधायुग |
| | | (v) | एक कंठ विषपायी |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iii | iv |
| (B) | iv | iii | ii | i |
| (C) | iii | iv | i | v |
| (D) | i | ii | iii | iv |

**38.** निम्नलिखित आचार्यों को उनके सिद्धान्तों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | भट्ट लोल्लट | (i) | स्फोटवाद |
| (b) | शंकुक | (ii) | अभिव्यक्तिवाद |
| (c) | अभिनवगुप्त | (iii) | अनुमितिवाद |
| (d) | भट्ट नायक | (iv) | आरोपवाद |
| | | (v) | भुक्तिवाद |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | iii | ii | v |
| (B) | i | ii | v | iv |
| (C) | iv | iii | i | ii |
| (D) | ii | i | iii | v |

**39.** निम्नलिखित आचार्यों को उनके कालखंड के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | भामह | (i) | दसवीं सदी |
| (b) | क्षेमेन्द्र | (ii) | सत्रहवीं सदी |
| (c) | विश्वनाथ | (iii) | ग्यारहवीं सदी |
| (d) | पंडितराज जगन्नाथ | (iv) | चौदहवीं सदी |
| | | (v) | छठी सदी |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | v | iv |
| (B) | v | iii | iv | ii |
| (C) | iii | ii | i | v |
| (D) | iv | i | iii | ii |

**40.** **स्थापना** (Assertion) (A) : किसी व्यक्ति का लोभ उस व्यक्ति से केवल बाह्य सम्पर्क रखकर ही तुष्ट नहीं हो सकता, उसके हृदय का सम्पर्क भी चाहता है ।

**तर्क** (Reason) (R) : लोभ प्रेम का मूल है ।

(A) (A) गलत, (R) सही

(B) (A) सही, (R) सही

(C) (A) सही, (R) गलत

(D) (A) और (R) दोनों गलत

**41.** **स्थापना** (Assertion) (A) : भरत मुनि के अनुसार स्थायी भाव ही रस रूप में परिणत होता है ।

**तर्क** (Reason) (R) : उनके प्रसिद्ध रससूत्र में स्थायी भाव का स्पष्ट उल्लेख है ।

(A) (A) सही, (R) सही

(B) (A) सही, (R) गलत

(C) (A) गलत, (R) गलत

(D) (A) गलत, (R) सही

**42.** **स्थापना** (Assertion) (A) : "बिनु पग चलै सुनै बिनु काना" – असंगति अलंकार का उदाहरण है ।

**तर्क** (Reason) (R) : असंगति अलंकार में कारण के बिना कार्य हो जाता है ।

(A) (A) गलत, (R) गलत

(B) (A) सही, (R) गलत

(C) (A) सही, (R) सही

(D) (A) गलत, (R) सही

**43.** **स्थापना** (Assertion) (A) : भाषा वैज्ञानिकों की दृष्टि में हिन्दी और उर्दू अलग-अलग भाषाएँ हैं ।

**तर्क** (Reason) (R) : उनका व्याकरण एक ही है ।

(A) (A) सही, (R) सही

(B) (A) गलत, (R) गलत

(C) (A) गलत, (R) सही

(D) (A) सही, (R) गलत

**44.** **स्थापना** (Assertion) (A) : मैथिली संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भाषा है ।

**तर्क** (Reason) (R) : इसके शामिल होने से हिन्दी भाषियों की संख्या में वृद्धि हुई है ।

(A) (A) गलत, (R) सही

(B) (A) गलत, (R) गलत

(C) (A) सही, (R) सही

(D) (A) सही, (R) गलत

**45.** **स्थापना** (Assertion) (A) : "हमारे मत में हिन्दी और उर्दू दो बोली न्यारी-न्यारी है ।" – यह कथन राजा शिवप्रसाद 'सितारे हिन्द' का है ।

**तर्क** (Reason) (R) : यह कथन ईस्ट इंडिया कम्पनी की भाषा नीति के विरुद्ध है ।

(A) (A) सही, (R) गलत

(B) (A) गलत, (R) सही

(C) (A) गलत, (R) गलत

(D) (A) सही, (R) सही

**निर्देश** : निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उससे संबंधित प्रश्नों (प्रश्न संख्या **46** से **50** तक) के उत्तरों के दिये गये बहु-विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें :

यूरोपीय उपन्यास के विकास में पूँजीवादी अर्थतन्त्र और मध्य वर्ग का योगदान बहुत महत्त्वपूर्ण माना जाता है और अक्सर इस अवधारणा को हिन्दी उपन्यास के इतिहास पर भी चस्पाँ कर दिया जाता है । पर हिन्दी क्षेत्र की परिस्थितियों को देखते हुए हिन्दी उपन्यास के सम्बन्ध में इस सामान्यीकरण को संगत नहीं माना जा सकता । 1870-90 की अवधि में हिन्दी क्षेत्र में न तो पूँजीवादी अर्थतन्त्र का कोई वर्चस्व था, न ही कोई मजबूत मध्य वर्ग पैदा हुआ था । इस समय भारत ब्रिटिश उपनिवेशवाद के चंगुल में तड़फड़ा रहा था और एक विदेशी पूँजीवादी उसका चौतरफा शोषण कर रहा था । इस विदेशी पूँजीवाद की भाषा अंगरेजी थी । इस व्यवस्था के पोषक और सहायक के रूप में अंगरेजी पढ़ा-लिखा मध्य वर्ग वज़ूद में आ रहा था, पर वह अधिकतर अहिन्दी भाषी, विशेष रूप से बँगला भाषी था । दरअसल हिन्दी उपन्यास हिन्दी भाषी जनता की राष्ट्रीय आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति था ।

**46.** पूँजीवादी अर्थतन्त्र और मध्य वर्ग ने साहित्य की किस विधा के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया ?

(A) यूरोपीय उपन्यास

(B) भारतीय उपन्यास

(C) हिन्दी उपन्यास

(D) बँगला उपन्यास

**47.** हिन्दी उपन्यास के सम्बन्ध में किस सामान्यीकरण को संगत नहीं माना जा सकता ?

(A) हिन्दी उपन्यास के विकास पर पश्चिमी उपन्यासों का भी प्रभाव है ।

(B) हिन्दी उपन्यास पूँजीवाद की देन है ।

(C) हिन्दी उपन्यास में परम्परा से चली आती कथा का भी योगदान है ।

(D) हिन्दी उपन्यास भारतीय जनता की राष्ट्रीय आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति है ।

**48.** 1870-90 की अवधि में हिन्दी क्षेत्र में किस अर्थतन्त्र का वज़ूद नहीं था ?

(A) सामन्तवादी अर्थतन्त्र

(B) जमींदारी अर्थतन्त्र

(C) पूँजीवादी अर्थतन्त्र

(D) वाणिज्यिक अर्थतन्त्र

**49.** 1870-90 की अवधि में भारत किसके चंगुल में तड़फड़ा रहा था ?

(A) ब्रिटिश उपनिवेशवाद

(B) फ्राँसीसी उपनिवेशवाद

(C) जर्मन उपनिवेशवाद

(D) ब्रिटिश राष्ट्रवाद

**50.** हिन्दी उपन्यास किसकी राष्ट्रीय आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति था ?

(A) हिन्दी भाषी जनता

(B) अहिन्दी भाषी

(C) अंगरेजी पढ़ा-लिखा वर्ग

(D) मध्य वर्ग

**Space For Rough Work**